दिनांक 18.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों ने सदभावना दिवस पर ली शपथ

भिलाईनगर। निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सदभावना दिवस पर जाति , सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म तथा भाषा भेदभाव के बिना भावनात्मक एकता और सदभावना से कार्य करने की शपथ ली।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सदभावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। इसी कड़ी में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारी एवं कर्मचारियों को जाति , सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव के बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने का शपथ दिलाया।